Serial Number ↓

| Roll No. | |
|---|---|

SET / सेट **A**

| | |
|---|---|
| Total Printed Pages : 8 | Total Questions : 23 |
| Time : 3 Hours | Maximum Marks : 80 |

**2202547**

**हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा वर्ष - 2025**

**Higher Secondary (Second) Examination - 2025**

# हिन्दी

# HINDI

---

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।



mpcareer.in

1 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×6=6

(i) रामचरितमानस के रचनाकार हैं –

(अ) कबीरदास (ब) रसखान

(स) तुलसीदास (द) बिहारी

(ii) रसात्मकं वाक्यं काव्यम् अर्थात् रसयुक्त वाक्य ही काव्य है – यह कथन कहा है –

(अ) पंडित जगन्नाथ (ब) आचार्य केशव

(स) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (द) आचार्य विश्वनाथ

(iii) पाठ्यपुस्तक 'आरोह' का पाठ भक्तिन संकलित है –

(अ) 'स्मृति' में (ब) 'स्मृति की रेखाएं' में

(स) 'रेत की रेखाएं' में (द) 'रेखाएं' में

(iv) अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद होते हैं –

(अ) 8 (ब) 3

(स) 5 (द) 6

(v) सिल्वर वैडिंग के नायक यशोधर बाबू का विवाह हुआ था –

(अ) 26 जनवरी 1947 (ब) 6 फरवरी 1947

(स) 6 फरवरी 1948 (द) 6 फरवरी 1950

(vi) टी.वी. पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्वपूर्ण है –

(अ) नेट (ब) बाइट

(स) विजुअल (द) ये सभी

**2** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए : 1×6=6

(i) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के कवि ________ हैं।
(शमशेर बहादुर सिंह / रघुवीर सहाय)

(ii) शृंगार रस का स्थाई भाव ________ है।
(रति / निर्वेद)

(iii) बाज़ार दर्शन पाठ में भगतजी ________ आने की कमाई होने पर बाकी चूरन बालकों को मुफ्त बाँट देते हैं।
(छः / बारह)

(iv) मुअनजो-दड़ो शहर ________ हैक्टर क्षेत्र में फैला था।
(दो सौ / आठ सौ)

(v) ________ उपन्यास सम्राट माने जाते हैं।
(प्रेमचंद / जयशंकर प्रसाद)

(vi) रेडियो ________ माध्यम है।
(दृश्य / श्रव्य)

**3** सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए: 1×6=6

(i) गुनाहों का देवता (उपन्यास) के लेखक फणीश्वर नाथ रेणु हैं।

(ii) भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का पहला दौर 1993 से शुरु माना जा सकता है।

(iii) छायावाद के प्रवर्तक जयशंकर प्रसाद हैं।

(iv) 'जूझ' पाठ में मंत्री मास्टर मराठी पढ़ाते थे।

(v) क्षेत्र विशेष में बोले जाने वाले शब्द 'निपात शब्द' कहलाते हैं।

(vi) उषा का जादू सूर्यास्त होने पर टूटता है।

**4** सही जोड़ी बनाकर लिखिए – 1×7=7

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (i) | अखबार की अपनी आवाज | (अ) | शब्दालंकार |
| (ii) | कृष्णानंद पांडे | (ब) | आलोक धन्वा |
| (iii) | पतंग | (स) | बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर |
| (iv) | जहाँ शब्द से काव्य शोभा बढती है | (द) | तकनीकी शब्द |
| (v) | शब्द शक्ति के प्रकार | (इ) | यशोधर बाबू के आदर्श |
| (vi) | गुरुत्वाकर्षण | (ई) | सम्पादकीय |
| (vii) | मेरी कल्पना का आदर्श समाज | (फ) | 3 (तीन) |



mpcareer.in

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×7=7

(i) 'दिन-रात' में कौन-सा शब्द-युग्म है? लिखिए।

(ii) 'रुबाइयाँ' पाठ के कवि का नाम लिखिए।

(iii) 'मुअनजो-दडो' नगर में कितने कुएँ थे?

(iv) आमतौर पर रेडियो नाटक की अवधि कितनी होती है? लिखिए।

(v) 'काले मेघा पानी दे' पाठ के लेखक का नाम लिखिए।

(vi) 'हालावाद' का प्रवर्तक किसे कहा जाता है?

(vii) ओज गुण कौन-कौन से रसों में पाया जाता है? कोई दो रसों के नाम लिखिए।

6 वात्सल्य रस की परिभाषा एवं कोई एक उदाहरण लिखिए। 2

अथवा

विरोधाभास अलंकार की परिभाषा एवं कोई एक उदाहरण लिखिए।

7 बिम्ब विधान किसे कहते हैं? लिखिए। 2

अथवा

'रूबाई' छंद की कोई एक परिभाषा लिखिए।

8 गद्य की कोई चार प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए। 2

अथवा

उपन्यास के कोई चार तत्वों के नाम लिखिए।

9 ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था? लिखिए। 2

अथवा

'बाज़ार का जादू' चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या असर पड़ता है? लिखिए।

3521797 3521797 3521797 3521797 3521797 3521797

10 भारतेन्दु युग की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

11 'छोटा मेरा खेत' कविता में 'अंधड़' और 'बीज' क्या हैं? लिखिए। 2

अथवा

'शीतल वाणी में आग' के होने का क्या अभिप्राय है? लिखिए।

12 लेखक के पिता ने आनंदा को पाठशाला भेजने के पूर्व क्या शर्त रखी? लिखिए। 2

अथवा

मुअनजो-दड़ो के घरों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

13 फ्लैश या ब्रेकिंग न्यूज़ से क्या समझते हैं? लिखिए। 2

अथवा

समाचार लेखन में कौन से छः क-कार प्रयोग किए जाते हैं? लिखिए।

14 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए - 1×2=2

(i) पुष्पा गीत गा रहा है।

(ii) एक फूल की माला लाओ।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए -

(i) केशव बुद्धिमान हैं। (बिना भाव बदले नकारात्मक वाक्य)

(ii) सत्य की सदा जीत होती है। (प्रश्नवाचक वाक्य)

15 राष्ट्रभाषा और राजभाषा की एक-एक विशेषता लिखिए। 2

अथवा

मुहावरे और लोकोक्ति में एक अंतर लिखकर कोई एक मुहावरा एवं एक लोकोक्ति लिखिए।



mpcareer.in

16 भाव पल्लवन कीजिए: 3

परहित सरिस धर्म नहिं भाई।

अथवा

इंटरनेट के उपयोग पर दो मित्रों के बीच होने वाले कोई तीन संवाद लिखिए।

17 तुलसीदास अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए – 1+1+1=3

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

18 धर्मवीर भारती अथवा फणीश्वर नाथ रेणु का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 1+1+1=3

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+1+1=3

'विश्व का वर्तमान उन्नत रूप मानव–श्रम की ही कहानी कह रहा है। गगनचुम्बी अट्टालिकाएँ, लम्बी–चौड़ी सड़कें, बड़े–बड़े विशाल नगर, आकाश में उड़ते वायुयान तथा मानव जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने में योगदान करने वाले ज्ञान–विज्ञान के अनंत रूपों से सभी मनुष्यों के श्रम का जयघोष करते हैं। स्पष्ट है कि मनुष्य और उसका शरीर विधाता की अनुपम रचना है जो निश्चय ही महान उद्देश्यों की सम्पूर्ति के लिए दिया गया है। इस दुर्लभ तन को यदि हम आलस्य, प्रमाद अथवा घटिया कामों में गँवा देते हैं तो विधाता के प्रति अन्याय करते हैं।'

प्रश्न :

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) किस बात को विधाता के प्रति अन्याय कहा गया है? लिखिए।

(iii) विधाता की अनुपम रचना क्या है? लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आ रही है हिमालय से पुकार,
है उदधि गरजता बार–बार,
प्राची, पश्चिम, भू, नभ अपार,
सब पूछ रहे हैं दिग्–दिगंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) 'उदधि' शब्द का अर्थ लिखिए।

(iii) उपर्युक्त पद्यांश में कौनसा रस है? नाम लिखिए।

20 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ–प्रसंग एवं काव्य सौंदर्य सहित भावार्थ लिखिए : 1+1+1+1=4

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने?

अथवा

अट्टालिका नहीं है रे
आतंक–भवन
सदा पंक पर ही होता
जल–विप्लव–प्लावन,
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से
सदा छलकता नीर,
रोग–शोक में भी हँसता है
शैशव का सुकुमार शरीर।

21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या, संदर्भ–प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – 1+1+1+1=4

'सेवक–धर्म में हनुमानजी से स्पर्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनामधन्या गोपालिका की कन्या है – नाम है लछमिन अर्थात् लक्ष्मी। पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह, वैसे ही लक्ष्मी की समृद्धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बंध सकी।'

**अथवा**

'जहाँ बैठ के यह लेख लिख रहा हूँ उसके आगे–पीछे, दाएँ–बाएँ शिरीष के अनेक पेड़ हैं। जेठ की जलती धूप में, जबकि धरित्री निर्धूम अग्निकुंड बनी हुई थी, शिरीष नीचे से ऊपर तक फूलों से लद गया था। कम फूल इस प्रकार की गरमी में फूल सकने की हिम्मत करते हैं।'

22 ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश को आवेदन पत्र लिखिए। 1+1+1+1=4

**अथवा**

अपने मित्र को विद्यालय की वार्षिक पत्रिका में रचना प्रकाशित होने पर बधाई पत्र लिखिए।

23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए: 1+3=4

(i) स्वच्छ भारत अभियान

(ii) राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

(iii) खेलों का महत्व

(iv) सन् 2047 में मेरे सपनों का भारत

(v) अनुशासन का जीवन में महत्व

3521797